दिनांकः 15.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह इटली से नई दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री ने इस यात्रा को सार्थक बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वैश्विक नेताओं के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा में जी–7 संगठन के तहत प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सार्थक बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के साथ भारत की साझेदारी मज़बूत हुई है। उन्होंने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की सहित कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

000

आगामी 21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अर्ध चक्रासन या आधा पहिया आसन की एक वीडियो क्लिप साझा की। वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से स्वस्थ हृदय और बेहतर रक्त प्रवाह के लिए आसन का अभ्यास करने का आग्रह किया।

इधर, प्रदेशभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से आयोजित किये जा रहे जयपुर योग महोत्सव के छठे दिन आज पत्रिका गेट और सिटी पार्क में योग शिविर आयोजित किये गये।

000

18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सदस्यों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि संसद के पहले सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाने, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव और फिर संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति का अभिभाषण होने की परम्परा है।

000

अजमेर के महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय का आज दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र समारोह में शिरकत कर रहे हैं। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा तथा जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी भाग ले रहे हैं।

000

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ ने आज तड़के अनूपगढ़ के गांव 13के के पास पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिये भेजी गयी छह किलो हेरोइन बरामद की है। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत तीस करोड़ रुपये आंकी गयी है। बीएसएफ की ओर से हेरोइन तस्करी में शामिल लोगों की धरपकड़ के लिए सर्च अभियान जारी है। वहीं, रायसिंह नगर के बारूवाला और 44पीएस में बीएसएफ की ओर से की गयी कार्रवाई में नौ किलो हेरोइन बरामद की गयी। इस हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 करोड़ रुपये बतायी जा रही है।

000

भरतपुर जिले के सेवर इलाके में सरसों अनुसंधान केंद्र के पास आज सुबह ट्रक और बस की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गई और छह से ज्यादा लोग घायल हो गए। सभी घायलों को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बस बयाना से भरतपुर की तरफ जा रही थी, जबकि ट्रक मथुरा की तरफ से आ रहा था।

000

आईसीसी टी–ट्वेटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला कनाडा से होगा। ये मैच फ्लोरिडा में भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। इससे पहले, आज वेस्टइंडीज के किंग्स टाउन में दक्षिण अफ्रीका ने नेपाल को रोमांचक मुकाबले में केवल एक रन से हरा दिया। इस बीच अमरीका की टीम ने सुपर आठ चरण में पहुंच कर इतिहास रच दिया है। लॉडर हिल में अमरीका और आयरलैंड का मैच रद्द होने से अमरीका को सुपर आठ में पहुंचने का मौका मिला।

000

प्री–मानसून की बारिश के असर से प्रदेश का मौसम बदल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज कई 17 जिलों में आंधी–बारिश की संभावना है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर, दौसा, भरतपुर, अलवर, करौली, कोटा, बूंदी और बारां सहित कई जगह हल्की बारिश हुई। जयपुर, भरतपुर और अलवर में दोपहर बाद कुछ जगह आंधी चली। मौसम के इस बदलाव से राजधानी जयपुर के तापमान में गिरावट आई है। यहां अधिकतम तापमान 40 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

000